**परियोजना का नामः– जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर के अन्तर्गत लमगड़ा विकास खण्ड के ग्राम तुलैड़ी से ग्राम पंचायत नैनी (जिफल्टा) कोकिलागॉव तक मोटर मार्ग का निर्माण लम्बाई 4.00 कि0मी0।** (20)

संलग्नक सं0–2.1

## प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

इस मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं0–3292/III(2)/19–53(एम0एल0ए0)/2017 दिनांक 06 सितम्बर, 2019 के द्वारा 4.00 कि0मी0 की लम्बाई हेतु 13.65 लाख की स्वीकृति प्राप्त है। उक्त मोटर मार्ग पूर्व निर्मित जलना तुलेड़ी मोटर मार्ग से प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित मोटर मार्ग से ग्राम नैड़ी के ग्रामवासी लाभान्वित होंगे। उक्त ग्रामों में सब्जी, दूध, फल, दाल उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है किन्तु मोटर मार्ग की सुविधा न होने के कारण काश्तकारों को उत्पाद बाजार तक पहुचाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों को अस्पताल, बाजार व स्थानीय उत्पादों को बाजार पहुँचाने व यातायात की सुविधा प्राप्त होगी। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोगों का पलायन रूकेगा व स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा तथा पर्यटन को बड़ावा मिलेगा। प्रस्तावित मोटर मार्ग के लिए अन्य कोई वैकल्पिक स्थान उपलब्ध नहीं है। इस मोटर मार्ग के बन जाने से स्थानीय लोग काफी लाभान्वित होंगे। अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित मार्ग उपयुक्त है।

**संरेखण न0–1(लाल रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में लाल रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में वन पंचायत, सिविल भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 4.00 कि0मी0 आती है।

**संरेखण न0–2(हरे रंग से):–** इस संरेखण को नक्शे में हरे रंग से दर्शाया गया है। इस प्रस्तावित मोटर मार्ग में वन पंचायत, सिविल भूमि एवं नाप भूमि प्रभावित होती है। इस मोटर मार्ग की लम्बाई 4.00 कि0मी0 आती है।

इस संरेखण में वृक्षों का पातन अधिक हो रहा है एवं तकनीकी दृष्टि से भी यह संरेखण उचित प्रतीत नहीं हो रहा है।

अतः जनता की सुविधा, भूमि की उपलब्धता, ढाल न्यूनतम वृक्षों की क्षति तथा आर्थिक व तकनीकी बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुऐ संरेखण सं0 1(लाल रंग से) उपयुक्त पाया गया है इसी संरेखण पर मोटर मार्ग का निर्माण किया जाएगा। तदनुसार ही वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव का गठन किया गया है। अतः लो0नि0वि0 के पक्ष में वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव प्रस्तुत है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (किशोर चन्द्र भट्ट) | (एस0एस0 डंगवाल) | (एम0के0 महतोलिया) | (विजय कुमार) |
| अमीन | अपर सहायक अभियंता | सहायक अभियन्ता, | अधिशासी अभियन्ता, |
| प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, |
| अल्मोड़ा। | अल्मोड़ा। | अल्मोड़ा। | अल्मोड़ा। |